संख्या-222/2026/आई/1282243/23-1-26-23-1099/148/2024

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ::दिनांक 28 मार्च, 2026**

विषय- जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत) लम्बाई-0.750 किमी0 का लोक निर्माण विभाग में स्वामित्व हस्तान्तरण के उपरान्त उक्त मार्ग के नाम में संशोधन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-01/2025/संख्या-01/2025/आई/838813/23-1-25-23-1099/148/2024, दिनांक 01.01.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत), (कुल लम्बाई 0.750 कि0मी0) को जिला पंचायत, सुल्तानपुर से लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरण की अनुमति प्रदान की गयी है।

2- उक्त के क्रम में आपके पत्र संख्या-आई/369283/2025, दिनांक 05.12.2025 द्वारा लोक निर्माण विभाग में हस्तांरित जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत) लम्बाई-0.750 किमी0 का लोक निर्माण विभाग में स्वामित्व हस्तान्तरण के उपरान्त उक्त मार्ग का नाम बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग (श्री जगन्नाथ प्रसाद पाण्डेय के घर से बिजेथुआ धाम मुख्य मार्ग तक किये जाने हेतु संशोधन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश दिनांक 01.01.2025 द्वारा हस्तांतरित मार्ग को निम्न तालिका के स्तम्भ-4 के अनुसार नाम संशोधित किये जाने हेतु एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्र0सं0	जनपद का नाम	शासनादेश दि0 01.01.2025 द्वारा हस्तांतरित मार्ग का नाम	मार्ग का संशोधित नाम
1	2	3	4
1	सुल्तानपुर	बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक (पेन्टिंग/डामरीकृत) (कुल लम्बाई 0.750 कि0मी0)	बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग (श्री जगन्नाथ प्रसाद पाण्डेय के घर से बिजेथुआ धाम मुख्य मार्ग तक) (कुल लम्बाई 0.750 कि0मी0)

4- कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-222/2026/आई/1282243/23-1-26-23-1099/148/2024-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
2. विशेष सचिव, पंचायती राज अनुभाग-2, उ0प्र0शासन।
3. मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, अयोध्या ।
5. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सुल्तानपुर।
6. अधिशासी अभियंता, प्रा0खं0, लोक निर्माण विभाग, सुल्तानपुर ।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अभिषेक गंगवार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।